समाचार

नगर निगम कोरबा के सभी 67 वार्डो में मनाया गया गौरव दिवस

(महापौर, सभापति, आयुक्त सहित पार्षद, एल्डरमेनगण कार्यक्रम में हुए शामिल)

(मुख्यमंत्री के संदेश का किया श्रवण, आमजन को दी गई शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं व प्राप्त उपलब्धियों की जानकारी)

कोरबा 17 दिसम्बर 2022 – राज्य सरकार के 04 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आज नगर पालिक निगम कोरबा के सभी 67 वार्डो में छत्तीसगढ़ गौरव दिवस का आयोजन किया गया। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद, सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय सहित निगम की मेयर इन काउंसिल के सदस्यगण, पार्षद व एल्डरमेनगण कार्यक्रमों में शामिल हुए। इस मौके पर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के संदेश का श्रवण किया गया तथा आमजन को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं प्राप्त उपलब्धियों की जानकारी दी गई।

17 दिसम्बर 2022 को राज्य सरकार के कार्यकाल के चार सफलतम वर्ष पूरे हुए हैं। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन में राज्य सरकार के पूर्ण हुए 04 वर्ष के उपलक्ष्य में सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ व कोरबा जिला सहित नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र के सभी 67 वार्डो में भी छत्तीसगढ़ गौरव दिवस मनाया गया तथा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर आमनागरिकों को शासकीय योजनाओं की जानकारी के साथ–साथ राज्य सरकार के पिछले 04 वर्षो के दौरान प्राप्त उपलब्धियों की विस्तार से जानकारी दी गई, मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने इस अवसर पर लाईव प्रसारण के माध्यम से सरकार की उपलब्धियों एवं सफलताओं की जानकारी समाहित किया हुआ संदेश आमनागरिकों को दिया। निगम के सभी वार्डो में काफी संख्या में वार्डवासियों ने बड़े उत्साह के साथ अपनी उपस्थिति देते हुए मुख्यमंत्री के संदेश का श्रवण किया। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद, सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय सहित निगम की मेयर इन काउंसिल के सदस्य संतोष राठौर, सुखसागर निर्मलकर सपना चौहान, पालूराम साहू, जिला कांग्रेस कमेटी के ग्रामीण अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, पार्षद दिनेश सोनी,

एल्डरमेन सनददास दीवान, रामगोपाल यादव, वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री उषा तिवारी सहित वार्ड पार्षदगण व एल्डरमेनगण, निगम के सभी अधिकारी कर्मचारीगण इन कार्यक्रमों में शामिल हुए तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के संदेश का श्रवण किया।